विषय सूची

भाग-I

बाह्य वाणिज्यिक उधार

I.(अ) स्वतः अनुमोदित मार्ग

i) पात्र उधारकर्ता

ii) मान्यताप्राप्त उधारदाता

iii) राशि और परिपक्वता

iv) समग्र लागत सीमा

v) अंतिम उपयोग

vi) अंतिम उपयोग अनुमत नहीं

vii) गारंटी

viii) जमानत

ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार को विदेशों में रखना

x) समयपूर्व भुगतान

xi) वर्तमान बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

xii) ऋण चुकौती

xiii) प्रक्रिया

I (आ) अनुमोदन मार्ग

i) पात्र उधारकर्ता

ii) मान्यताप्राप्त उधारदाता

iii) राशि और परिपक्वता

iv) समग्र लागत सीमा

v) अंतिम उपयोग

vi) अंतिम उपयोग अनुमत नहीं

vii) गारंटी

viii) ज़मानत

ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार को विदेशों में रखना

x) समयपूर्व भुगतान

xi) वर्तमान बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

xii) ऋण चुकौती

xiii) प्रक्रिया

xiv) विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड

xv) अधिकार प्रदत्त समिति

II रिपोर्ट करने की व्यवस्था और सूचना प्रसारण

i) रिपोर्ट करने की व्यवस्था

ii) जानकारी का प्रसार

III. संरचनात्मक दायित्व

IV. बाह्य वाणिज्यिक उधार के मार्गदर्शी सिद्धांत

V. बाह्य वाणिज्यिक उधार का ईक्विटी में परिवर्तन
VI. बाह्य वाणिज्यिक उधार को निश्चित रूप देना
VII. पूर्ववर्ती 5 मिलियन अमरीकी डॉलर योजना के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार

भाग-II
भारत में आयात के लिए व्यापारिक उधार
(क) राशि और परिपक्वता अवधि
(ख) समग्र लागत सीमा
(ग) गारंटी
(घ) रिपोर्टिंग व्यवस्था- फार्म ईसीबी
अनुबंध-II
फार्म 83
अनुबंध-III
ईसीबी-2
अनुबंध-IV
फार्म - टीसी
अनुबंध-V
प्राधिकृत व्यापारी द्वारा जारी गारंटी/ वचनपत्र/ लेटर ऑफ कंफर्ट के ब्योरे
परिशिष्ट :
अधिसूचनाओं/परिपत्रों की सूची
भाग-I
बाह्य वाणिज्यिक उधार
बाह्य वाणिज्यिक उधार का संबंध अनिवासी उधारकर्ताओं से लिए गये कम से कम तीन वर्ष की औसत परिपक्वता अवधिवाले बैंक ऋण, क्रेता ऋण, आपूर्तिकर्ता ऋण, जांची गई लिखतों के रूप में (अर्थात् अस्थिर दरवाले नोटों और निर्धारित दर वाले बांड्स)वाणिज्यिक ऋणों से है।

विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड का तात्पर्य उस बांड से है जो किसी भारतीय कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा में जारी किया जाये और जिसका मूल तथा ब्याज , विदेशी मुद्रा में देय हो । इसके अलावा यह अपेक्षित है कि ये बांड योजना अर्थात "विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड और सामान्य शेयर निर्गम (जमा रसीद व्यवस्था के माध्यम से) योजना , 1993" के अनुसार जारी किये जायें और अनिवासी द्वारा विदेशी मुद्रा में अभिदान किया जाये तथा ऋण लिखतों से संबद्ध इक्विटी संबंधित वारंट के आधार पर पूर्णत: अथवा आंशिक रूप में किसी भी प्रकार से, जारीकर्ता कंपनी के सामान्य शेयरों में परिवर्तनीय हों। विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड निर्गम के लिए समय-समय पर संशोधित 7 जुलाई, 2004 की अधिसूचना फेमा सं. 120/आर बी-2004 के प्रावधानों का अनुपालन करना आवश्यक है।

अधिमान शेयर (अर्थात् अपरिवर्तनीय,वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय अथवा अंशत: परिवर्तनीय), जिसके निर्गम के लिए निधियां 1 मई 2007 को अथवा उसके बाद प्राप्त की

गयी है ,ऋण के रूप में मानी जाती है । तदनुसार, बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए लागू सभी मापदण्ड अर्थात् पात्र उधारकर्ता, मान्यताप्राप्त उधारदाता, राशि और परिपक्वता, प्रयोजनपरक उपयोग संबंधी शर्तें, आदि लागू होंगे । चूंकि इन लिखतों को रूपयों में मूल्यवर्गित किया जाएगा, रूपया व्याज दर लिबोर प्लस के समतुल्य स्वैप पर आधारित होगा जो समान परिपक्वता के बाहय वाणिज्य उधारों के लिए अनुमत है ।

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)से वह बांड अभिप्रेत है जो कि विदेशी मुद्रा में जारी किया जाये और जिसकी मूल राशि तथा ब्याज दोनों ही विदेशी मुद्रा में देय हों तथा निर्गम कंपनी द्वारा जारी किया गया हो और भारत के बाहर रहनेवाले ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा विदेशी मुद्रा में अभिदत्त हो तथा दूसरी कंपनी जिसे ऑफर्ड कंपनी कहा जाता है, जो या तो पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से अथवा ऋण लिखतों से संबध्द किसी ईक्विटी संबंधित वारंट के आधार पर परिवर्तनीय हो । विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) में , भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, की 15 फरवरी की अधिसूचना जी.एस.आर.89(ङ) द्वारा अधिसूचित ''विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)निर्गम योजना,2008'' का पालन करेंगे । बाह्य वाणिज्यिक उधारों का नियंत्रण करनेवाले दिशा-निर्देश, नियम, आदि विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड के लिए भी लागू हैं ।

बाह्य वाणिज्यिक उधार को दो मार्गों, नामतः (i) खण्ड I(अ) में दिया गया स्वतः अनुमोदित मार्ग और (ii) खण्ड I (आ) में दिया गया अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत प्राप्त किया जा सकता है।

संपदा क्षेत्र-औद्योगिक क्षेत्र विशेषकर भारत में संरचनात्मक क्षेत्र और खण्ड I(अ)(i) (क) के तहत दर्शाये गये अनुसार विशिष्ट सेवा क्षेत्रों में निवेश हेतु बाह्य वाणिज्यिक उधार स्वतः अनुमोदित मार्ग के अंतर्गत आते हैं अथार्त् भारतीय रिजर्व बैंक /सरकार के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है ।स्वतः अनुमोदित मार्ग के तक पहुंच की पात्रता के संबंध में संदेह के मामले में आवेदक अनुमोदन मार्ग का सहारा ले सकते हैं ।

I (अ) स्वत: अनुमोदित मार्ग

बाह्य वाणिज्यिक उधारों के लिए प्रस्तावों के निम्नलिखित प्रकार अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत आते हैं ।

i) **पात्र उधारकर्ता**

(क) होटल, अस्पताल, सॉफ्टवेयर क्षेत्रों की उन कंपनियों सहित कंपनियां, (वित्तीय मध्यस्थों के सिवाय, कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत कंपनियां जैसे बैंक ,वित्तीय संस्थाएं (एफआइ), आवास वित्त कंपनियां (एंएफसीएस)और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसीएस)) बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने के लिए पात्र हैं । व्यक्ति, ट्रस्ट और लाभ न कमानेवाले संगठन बाह्य वाणिज्यिक उधार

उगाहने के पात्र नहीं हैं।

(ख) विशेष आर्थिक अंचल की इकाइयों को अपनी आवश्यकता के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने की अनुमति है। फिर भी, सहयोगी संस्थाओं को अथवा स्व-देशी टैरिफ एरिया में किसी इकाई को बाह्य वाणिज्यिक उधार निधियों के अंतरण की अनुमति नहीं है।

(ग) व्यष्टि वित्तीय गतिविधियों में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने के लिए पात्र हैं । ऐसे गैर-सरकारी संगठनों का (i) विदेशी मुद्रा में कारोबार करने के लिए प्राधिकृत सूचीबध्द वाणिज्य बैंक के साथ कम से कम 3 वर्षों का संतोषजनक उधार संबंधी संव्यवहार होना चाहए और (ii) पदनामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक से उधारकर्ता कंपनी के बोर्ड/ प्रबंध समिति की 'सही और उचित' स्थिति पर समुचित सावधानी का एक प्रमाणपत्र आवश्यक होगा ।

(ii) मान्यता पात्र उधारदाता

अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्रोतों, जैसे (i) अंतरराष्ट्रीय बैंक, (ii) अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ार, (iii) बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं (जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्त कंपनी, एशियाई विकास बैंक, सीडीसी, आदि), (iv) निर्यात ऋण एजेंसियों और (v) उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं, (vi) विदेशी सहयोगियों और (vii) विदेशी ईक्विटी धारकों से , उधारकर्ता बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही कर सकते हैं। स्वतः अनुमोदित मार्ग के तहत "मान्यता प्राप्त उधारदाता" के रूप में पात्र होने के लिए एक "विदेशी ईक्विटी धारक" को नीचे निर्धारित किए गए अनुसार उधारकर्ता कंपनी में प्रदत्त ईक्विटी की न्यूनतम धारिता की जरूरत होगी :

(i) 5 मिलियन अमरीकी डालर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए - उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम प्रदत्त ईक्विटी,

(ii) 5 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक के लिए - उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम प्रदत्त ईक्विटी और ऋण ईक्विटी अनुपात 4:1 से अधिक न हो (अर्थात् प्रस्तावित बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रत्यक्ष विदेशी ईक्विटी धारिता के चार गुना से अधिक न हो)।

निम्नलिखित पूर्वोपायों का पालन करनेवाले विदेशी संगठन और व्यक्तियां व्यष्टि वित्तीय गतिविधियों में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) को बाह्य वाणिज्यिक उधार दे सकते हैं ।

(क) बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने के लिए प्रस्ताव करनेवाले **विदेशी संगठनों** को उधारकर्ता की प्राधिकृत व्यापारी बैंक को किसी विदेशी बैंक से समुचित सावधानी का एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जो मेजबान-देश के विनियामक के विनियम की शर्त के अधीन होगा और वित्तीय कार्रवाई कृतीदल (एफएटीएफ)के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा । समुचित सावधानी के प्रमाणपत्र में निम्नलिखित बाते होनी चाहिए (i) उधारदाता का न्यूनतम दो वर्षों की अवधि के लिए बैंक में खाता होना चाहिए, (ii) उधारदाता कंपनी स्थानीय विधि के अनुसार गठित की गयी हो और व्यवसाय/स्थानीय समुदाय द्वारा सुप्रतिष्ठाप्राप्त हो, और (iii) उसके विरूध्द

कोई आपराधिक कार्रवाई लंबित न हो।

(ख) **व्यक्तिगत उधारदाता** को किसी विदेशी बैंक से यह दर्शाते हुए समुचित सावधानी का प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहिए कि) उधारदाता का न्यूनतम दो वर्षों की अवधि के लिए बैंक में खाता है । अन्य साक्ष्य/दस्तावेज, जैसे खाते का लेखा-परिक्षित विवरण और आय कर विवरण जो विदेशी उधारदाता प्रमाणित किये जाने के लिए प्रस्तुत करता है और विदेशी बैंक द्वारा प्रेषित किया जाता है ।

ऐसे देशों , से व्यक्तिगत उधारदाता बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रदान किये जाने के लिए पात्र नहीं हैं ,जहां बैंकों को " **अपने ग्राहक को जानिये** " (केवाइसी) दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक नहीं होता है ।

(iii) राशि और परिपक्वता

(क) एक वित्तीय वर्ष में बाह्य वाणिज्यिक उधार की अधिकतम राशि, जो होटल, अस्पताल और सॉफ्टवेयर क्षेत्र की उन कंपनियों से अन्य कोई कंपनी उगाह सकती है, वह **500** मिलियन अमरीकी डालर है अथवा उसके समतुल्य राशि है।

(ख) सेवा क्षेत्र अर्थात् होटलों, अस्पतालों और सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनियों को अनुमत अंतिम उपयोगों के लिए विदेशी मुद्रा और / अथवा रुपया पूंजीगत व्यय करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में **100** मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य राशि तक बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने की अनुमति दी गयी है । बाह्य वाणिज्यिक उधार की आगम राशि का उपयोग भूमि अधिग्रहण हेतु नहीं किया जाना चाहिए ।

(ग) व्यष्टि वित्तीय गतिविधियों में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) एक वित्तीय वर्ष में **5** मिलियन अमरीकी डालर अथवा उसके समतुल्य राशि तक बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाह सकते हैं । पदनामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उधारकर्ता के विदेशी मुद्रा एक्सपोजर की आहरण द्वारा कमी के समय पूर्णत: बचाव की जाती है ।

(घ) एक वित्तीय वर्ष में, **3** वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले **20** मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य राशि के बाह्य वाणिज्यिक उधार

(ङ) **5** वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले **20** मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य राशि से अधिक और **500** मिलियन अमरीकी डॉलर तक अथवा उसके समतुल्य राशि के बाह्य वाणिज्यिक उधार।

(घ) **20** मिलियन अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य राशि तक के बाह्य वाणिज्यिक उधार में क्रय/ विक्रय विकल्प सकते हैं बशर्ते क्रय/विक्रय विकल्प का उपयोग करने से पहले औसत **3** वर्ष की औसत न्यूनतम परिपक्वता अवधि का पालन किया जाता है।

(iv) समग्र लागत सीमा

इसमें वायदा फीस, समयपूर्व चुकौती फीस और भारतीय रुपये में देय फीस के सिवाय ब्याज दर,विदेशी मुद्रा में अन्य फीस और खर्चे शामिल हैं। फिर भी, कर के भुगतान के लिए भारतीय रुपये में राशि रोक रखने को समग्र लागत की गणना में शामिल नहीं किया जाता है। बाह्य वाणिज्यिक उधार की समग्र लागत सीमा की समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

समीक्षा होने तक निम्नलिखित सीमाएं वैध हैं:

औसत परिपक्वता अवधि	**छ : माह तक के लाइबोर से ऊपर समग्र लागत सीमा**
तीन वर्ष और पांच वर्ष तक	300 आधार बिंदु
पांच वर्ष से अधिक	500 आधार बिंदु
*उधार की अपनी-अपनी मुद्रा अथवा लागू बेंचमार्क के लिए	

(v) **प्रयोजनपरक उपयोग**

(क) बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही भारत में केवल स्थावर संपत्ति क्षेत्र - औद्योगिक क्षेत्र जिसमें लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रम शामिल हैं और संरचनात्मक क्षेत्र और विशेष सेवा क्षेत्र अर्थात् होटल, अस्पताल और सॉफ्टवेयर में निवेश के लिए [पूंजी माल का आयात (विदेशी व्यापार नीति में डीजीएफटी द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार) नयी परियोजनाओं का क्रियान्वयन, मौजूदा उत्पादन इकाइयों का आधुनिकीकरण/ विस्तार के लिए] निवेश के लिए की जा सकती है। बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्रयोजन के लिए संरचनात्मक क्षेत्र की परिभाषा इस प्रकार की गई है - (i) ऊर्जा, (ii) दूरसंचार, (iii) रेलवे, (iv) पुल समेत सड़क, (v) बंदरगाह और हवाई अड्डा, (vi) औद्योगिक पार्क और (vii) शहरी संरचना (जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं जलमल निकासीपरियोजनाएं) और (viii) खनन, परिष्करण और अन्वेषण ।

(ख) विदेश में संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में भारतीय प्रत्यक्ष निवेश के संबंध में वर्तमान मार्गदर्शी सिद्धांतों के तहत बाह्य वाणिज्यिक उधारों का उपयोग संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में समुद्रपारीय प्रत्यक्ष निवेश के लिए किया जा सकता है।

(ग) बाह्य वाणिज्यिक उधारों की आगम राशि का उपयोग विनिवेश प्रक्रिया में शेयरों के पहले चरण के अधिग्रहण के लिए अनुमत है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम शेयरों के सरकार के विनिवेश कार्यक्रम के अंतर्गत जनता को ऑफर करना दूसरे चरण के लिए अनिवार्य है ।

(घ) 3-जी स्पेक्ट्रम के लिए लाइसेंस / अनुमति प्राप्त करने के लिए भुगतान ।
स्व-सहायता दलों को उधार देने के लिए अथवा व्यष्टि वित्तीय गतिविधियों में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों द्वारा क्षमता निर्माण सहित वास्तविक व्यष्टि वित्तीय गतिविधि के लिए ।

(च) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की समय पूर्व पुनर्खरीद (सुविधा 31 दिसंबर 2009 तक उपलब्ध है), पूर्वोक्त पैरा अ (x) (ख) में विस्तृत शर्तों के अनुपालनाधीन ।

(vi) **प्रयोजनपरक उपयोग की अनुमति नहीं**

(क) भारतीय कंपनी द्वारा आगे उधार देने अथवा पूंजी बाज़ार में निवेश अथवा किसी कंपनी (उसके किसी हिस्से का) के अधिग्रहण के लिए ।

(ख) स्थावर संपदा क्षेत्र के लिए ।

(ग) कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रुपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए ।

(vii) गारंटी

बाह्य वाणिज्यिक उधार के संबंध में बैंक, वित्तीय संस्थाओं और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा गारंटी/ तत्काल साखपत्र,वचन पत्र अथवा लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने की अनुमति नहीं है।

(viii) ज़मानत

उधारदाता / आपूर्तिकर्ता को दी जाने वाली ज़मानत का विकल्प का चुनाव उधारकर्ता पर ही छोड़ दिया गया है। परंतु समुद्रपारीय उधारदाता के पक्ष में अचल परिसंपत्तियों और शेयर जैसे वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार का सृजन, समय-समय पर यथासंशोधित क्रमशः मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.21/ आरबी-2000 के विनियम 8 और मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.20/आरबी-2000 के विनियम 3 के अधीन है। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। बैंकों को उधारकर्ता द्वारा उठाये जानेवाले बाह्य वाणिज्यिक उधार सुरक्षित करने हेतु अचल परिसंपत्तियों, वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार का सृजन करने और समुद्रपारीय उधारदाता/सिक्यूरिटी ट्रस्टी के पक्ष में कार्पोरेट अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी करने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत 'आपत्ति नहीं ' जारी करने के लिए प्राधिकार दिये गये हैं ।

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत 'अनापत्ति' प्रदान करने से पहले, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए और संतुष्ट होना चाहिए कि (i)निहित बाह्य वाणिज्यिक उधार मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार संबंधी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करते हैं , (ii) अचल परिसंपत्तियों/ वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार सृजित करने / कार्पोरेट अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी करने के लिए उधअरकर्ता को आवश्यक ऋण करार में जमानत संबंधी खंड मौजूद है, (iii) ऋण करार पर उधारदाता और उधारकर्ता दोनों द्वारा हस्ताक्षर किये गये हैं, और (iv) उधारकर्ता ने रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण नंबर(एलएनआर) प्राप्त किया है ।

उपर्युक्त शर्तों का पालन करने पर, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंक अचल परिसंपत्तियों, वित्तीय प्रतिभूतियों पर प्रभार सृजित करने और कार्पोरेट अथवा व्यक्तिगत गारंटी जारी करने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत निम्नलिखित शर्तों पर 'आपत्ति नहीं ' सूचित कर सकते हैं ।

क) **अचल परिसंपत्तियों पर** प्रभार सृजित करने के लिए एक तो उधारदाता अथवा सिक्यूरिटी ट्रस्टी के पक्ष में विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत निम्नलिखित शर्तों पर 'आपत्ति नहीं ' सूचित कर सकते हैं :

(i) 'आपत्ति नहीं ' प्रमाणपत्र केवल निवासी बाह्य वाणिज्यिक उधार उधारकर्ता को ही प्रदान किया जाएगा ।

(ii) अचल परिसंपत्तियों पर इस प्रकार के प्रभार की अवधि निहित बाह्य वाणिज्यिक उधार की परिपक्वता अवधि एक होनी चाहिए ।

(iii) इस 'आपत्ति नहीं ' का यह अर्थ न लिया जाए कि इससे उन्हें समुद्रपारीय उधारदाता/ सिक्यूरिटी ट्रस्टी द्वारा भारत में अचल परिसंपत्ति (प्रॉपर्टी) के अधिग्रहण के लिए अनुमति मिल गयी है ।

(iv) ऋण प्रभार के प्रवर्तन/लागू करने की स्थिति में अचल परिसंपत्ति (प्रॉपर्टी) भारत में किसी निवासी व्यक्ति को ही बेची जानी चाहिए और बिक्री आगम की राशि बकाया बाह्य वाणिज्यिक उधार के परिसमापन के लिए प्रत्यावर्तित की जानी चाहिए ।

ख) प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंक बाह्य वाणिज्यिक उधार सुरक्षित करने के लिए प्रवर्तकों द्वारा धारित उधारकर्ता कंपनी साथ ही उधारकर्ता की स्वदेशी सहायक कंपनियों में धारित शेयर गिरवी रखने के लिए निवासी बाह्य वाणिज्यिक उधार उधारकर्ता को विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत निम्नलिखित शर्तों पर 'आपत्ति नहीं ' प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं :

(i) इस प्रकार के गिरवी की अवधि निहित बाह्य वाणिज्यिक उधार की परिपक्वता के साथ मिलती-जुलती होनी चाहिए ।

(ii) गिरवी लागू करने की स्थिति में , अंतरण वर्तमान विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति के अनुसार होना चाहिए ।

(iii) कंपनी के सांविधिक लेखा-परीक्षक से एक प्रमाणपत्र कि बाह्य वाणिज्यिक उधार की आगम राशि का उपयोग अनुमत अंतिम उपयोग/उपयोगों के लिए किया गया है/किया जाएगा ।

ग) विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के तहत **कंपनी अथवा व्यक्तिगत गारंटी** जारी करने के लिए निवासी बाह्य वाणिज्यिक उधार उधारकर्ता को 'अनापत्ति' निम्नलिखित को प्राप्त करने पर सूचित कर सकते हैं :

(i) इस प्रकार की गारंटी जारीकर्ता कंपनी से कंपनी को गारंटी जारी किये जाने के लिए कंपनी के पक्ष में अथवा किसी व्यक्तिगत क्षमता में इस प्रकार की गारंटी निष्पादित करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी का नाम दर्शाते हुए बोर्ड का प्रस्ताव ।

(ii) बाह्य वाणिज्यिक उधार के ब्योरे दर्शाते हुए वैयक्तिक गारंटी जारी करने के लिए व्यक्तिगत से विशेष अनुरोध ।

(iii) यह सुनिश्चित करते हुए कि कंपनी अथवा वैयक्तिक गारंटी की अवधि निहित बाह्य वाणिज्यिक उधार की परिपक्वता की अवधि एक होनी चाहिए ।

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंक अनिवार्य रुप से यह स्पष्ट करें कि 'अनापत्ति' विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम (फेमा),1999 के प्रावधानों के तहत विदेशी मुद्रा के दृष्टीकोण से जारी की जाती है और उसका अर्थ किसी अन्य नियम/विनियम के तहत किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी अथवा सरकार द्वारा किसी अनुमोदन के रुप में नहीं लगाना चाहिए । यदि संबंधित नियमों /विनियमों के तहत किसी अन्य नियामक/सांविधिक प्राधिकारी अथवा सरकार से कोई अनुमोदन अथवा अनुमति अपेक्षित है तो आवेदक को लेनदेन करने से पहले संबंधित प्राधिकारी का अनुमोदन लेना चाहिए । साथ ही, 'आपत्ति नहीं ' का यह अर्थ नहीं लगाना चाहिए कि यह फेमा अथवा किसी अन्य नियमों अथवा विनियमों के प्रावधानों के तहत किन्हीं अनियमितताओं ,उल्लंघन अथवा अन्य गलतियों को नियमित अथवा वैध करने का एक उपाय है ।

(ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को विदेशों में रखना

उधारकर्ताओं को बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को अनुमत अंतिम-उपयोग करने तक एक तो विदेश में रखने अथवा भारत में प्रेषित करने के लिए अनुमति दी गयी है ।

विदेश में रखे गए बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का निम्नलिखित चल परिसंपत्तियों में निवेश किया जा सकता है। (क) स्टैंडर्ड एण्ड पुअर/ फिच आइबीसीए द्वारा AA(-) अथवा मूडीज़ द्वारा Aa3 से अनधिक रेटेड, बैंक द्वारा प्रस्तावित जमाओं अथवा जमा प्रमाणपत्रों अथवा अन्य लिखत; और (ख) उपर्युक्त के अनुसार न्यूनतम रेटिंगवाले एक वर्ष की परिपक्वता अवधिवाले खज़ाना बिल और मौद्रिक लिखत (ग) भारत में किसी प्राधिकृत व्यापारी की समुद्रपारीय शाखा के पास जमा। निधियों का निवेश इस प्रकार से किया जाये कि जब भी निवेशक को भारत में उनकी आवश्यकता हो तो उनसे नकदी प्राप्त की जा सके ।

बाह्य वाणिज्यिक उधार निधियां अनुमत अंतिम-उपयोग करने तक भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंकों के पास उधारकर्ता रूपया खाते में जमा करने के लिए भारत में प्रेषित भी की जा सकती हैं ।

x) समयपूर्व भुगतान

(क) प्राधिकृत व्यापारी बैंक 500 मिलियन अमरीकी डॉलर तक के बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान की अनुमति भारतीय रिज़र्व बैंक के बगैर पूर्वानुमोदन के दे सकते हैं बशर्ते ऋण पर यथालागू न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि का अनुपालन किया जाता है।

(ख) **विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद:** पदनामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -। बैंक विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की असामयिक वापसी खरीद के लिए भारतीय कंपनियों को अब निम्नलिखित निर्धारित शर्तों के अनुपालन पर अनुमति दे सकते हैं :

i) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों का वापसी खरीद मूल्य बही मूल्य पर 15 प्रतिशत के न्यूनतम बट्टे तक होना चाहिए ;

ii) वापसी खरीद के लिए प्रयुक्त निधियां एक तो भारत अथवा विदेश में धारित मौजूदा विदेशी मुद्रा निधियों (विदेशी मुद्रा अर्जक विदेशी मुद्रा खाते में धारित निधियों सहित)में से और /अथवा मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार मापदण्डों के अनुरूप उठाये गये नये बाह्य वाणिज्य उधार में से होंगी ।

iii) जहां नये बाह्य वाणिज्यिक उधार मूल विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की शेष परिपक्वता के साथ को-टर्मिनस है और तीन वर्षों से कम अवधि के लिए हैं, समग्र लागत सीमा 6 माह लिबोर और 200 आधार अंकों से अधिक नहीं होनी चाहिए, जैसा अल्पकालिक उधारों के लिए लागू है । अन्य मामलों में, बाह्य वाणिज्यिक उधार की संबंधित परिपक्वता के लिए समग्र लागत सीमा लागू होंगी ।

पुनर्खरीद की समग्र प्रक्रिया 31 दिसंबर 2009 तक पूर्ण की जानी चाहिए । उपर्युक्त शर्तों सहित निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तें लागू होंगी :

(i) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड मौजूदा दिशा-निर्देशों के पालन पर जारी किये जाने चाहिए ।

(ii) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत किये जाने चाहिए ; एलआरएन नंबर प्राप्त किया जाए और अद्यतन बाह्य वाणिज्य उधार विवरणियां प्रस्तुत की जाएं ।

(iii) कंपनी के विरूध्द फेमा के उल्लंघन की कोई कार्यवाही लंबित नहीं है ।

(iv) वापसी खरीद के लिए अधिकार विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों के जारीकर्ता को प्रदान किया

गया है । तथापि, वास्तविक वापसी खरीद बांड धारक की सहमति की शर्त पर होगी ।

(v) धारकों से वापसी खरीद किये गये / पुनर्खरीद किये गये विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड रद्द किये जाने चाहिए और उन्हें न तो पुन: जारी किया जाये अथवा नहीं उनकी पुन: बिक्री की जाये ।

(vi) पुनर्खरीद से पुनर्खरीद के लिए विकल्प न दिये हुए बांड धारकों पर अथवा पुनर्खरीद के लिए विकल्प दिये हुए कंपनियों के गैर सहभागी बांड धारकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(vii) भारतीय कंपनी निधियों का उपयोग केवल पुनर्खरीद के लिए किया जाता है यह सुनिश्चित करने हेतु विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद के लिए किसी भारतीय बैंक समुद्रपारीय शाखा अथवा सहयोगी बैंक अथवा किसी अंतरराष्ट्रीय बैंक में एस्क्रो खाता खोलेगी ।

(viii) पुनर्खरीद पूर्ण होने पर, पुनर्खरीद के ब्योरे जैसे विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की बकाया राशि, पुनर्खरीद किये गये विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों का बही मूल्य, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद की दर, समाविष्ट राशि, और निधियों के स्त्रोत दर्शाते हुए एक रिपोर्ट पदनामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -। बैंक के जरिये प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, बाह्य वाणिज्य उधार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, 11वीं मंज़िल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगतसिंह मार्ग, मुंबई -400001 को प्रस्तुत की जाए ।

xi) मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

कम लागत पर नया ऋण उगाह कर मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के पुनर्वित्त पोषण की अनुमति है बशर्ते नया बाह्य वाणिज्यिक उधार निम्न समग्र लागत पर उगाहा जाता है और मूल बाह्य वाणिज्यिक उधार की शेष परिपक्वता अवधि को बनाए रखा जाता है।

xii) ऋण का भुगतान

सरकार/ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिर्देशों के अनुसार नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को मूल धन, ब्याज तथा अन्य प्रभारों की किस्त के प्रेषण की सामान्य अनुमति है।

xiii) प्रक्रिया

स्वत: अनुमोदित मार्ग के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार उगाहने के लिए उधारकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बिना ही, मान्यता प्राप्त उधारकर्ता के साथ करार कर सकता है। बाह्य वाणिज्यिक उधार drawing down करने से पहले उधारकर्ता भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण संख्या प्राप्त करे। ऋण पंजीकरण संख्या प्राप्त करने की प्रक्रिया पैरा II (i)(ख) में विस्तृत रूप से दी गई है।

I. (आ) अनुमोदन मार्ग

i) पात्र उधारकर्ता

अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत बाह्य वाणिज्यिक उधार के निम्नलिखित किस्म के प्रस्ताव शामिल होंगे।

क) केवल संरचनात्मक अथवा निर्यात वित्त में कार्यरत वित्तीय संस्थाएं जैसे, आइडीएफसी, आइएल एण्ड एफएस, ऊर्जा वित्त निगम, पॉवर ट्रेडिंग कारपोरेशन, आइआरसीओएन, और एक्ज़िम बैंक के मामलों में प्रत्येक मामले पर अलग अलग आधार पर विचार किया जाएगा।

ख) सरकार के अनुमोदन के अनुसार टेक्स्टाइल अथवा स्टील क्षेत्र की पुनर्रचना पैकेज में सहभागी बैंक और वित्तीय संस्थाओं को भी पैकेज में उनके निवेश की सीमा तक और विवेकपूर्ण मानदंडों के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारण के अनुसार अनुमति दी जाती है। इस प्रयोजन के लिए अब तक लिया गया कोई भी बाह्य वाणिज्यिक उधार उनकी पात्रता राशि में से काट लिया जायेगा ।

ग) संरचनात्मक परियोजनाओं को पट्टे पर देने के लिए संरचनात्मक उपकरणों के आयात के वित्तपोषण हेतु बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं, ख्याति प्राप्त क्षेत्रीय वित्तीय संस्थाओं, आधिकारिक निर्यात ऋण एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय बैंकों से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा **5** वर्ष की न्यूनतम औसत परिपक्वता वाले बाह्य वाणिज्यिक उधार।

घ) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, जो केवल संरचना क्षेत्र के वित्तपोषण में ही समाविष्ट हैं , संरचना क्षेत्र में उधारकर्ताओं को आगे उधार देने के लिए बहुपक्षीय/क्षेत्रीय वित्तीय संस्था और सरकारी स्वामित्ववाली विकास वित्तीय संस्थाओं से बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं ।

ङ) निम्नलिखित न्यूनतम मानदंडों को पूरा करनेवाली आवास वित्त कंपनियों द्वारा विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड : (i) पिछले तीन वर्षों के दौरान वित्तीय बिचौलिए की न्यूनतम निवल मालियत **500** करोड़ रूपए से कम नहीं होना चाहिए, (ii) मुंबई शेयर बाज़ार अथवा राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध हो, (iii) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड का न्यूनतम आकार **100** मिलियन अमरीकी डॉलर हो, (iv) आवेदक निधियों के उपयोग का प्रयोजन/ योजना प्रस्तुत करे।

च) विशेष प्रयोजन के माध्यम अथवा विशेष रूप से संरचनात्मक कंपनियों /परियोजनाओं के वित्त पोषण हेतु संस्थापित भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित कोई अन्य संस्था वित्तीय मानी जायेगी और ऐसी संस्थाओं द्वारा बाह्य वाणिज्यिक उधार अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत माना जायेगा।

छ) निम्नलिखित मानदंड पूरा करनेवाली विनिर्माण कार्य में लगी बहुराज्य सहकारी समिति जो कि i) वित्तीय रूप से शोधक्षम हैं और ii) और अपना लेखापरीक्षित अद्यतन तुलनपत्र प्रस्तुत करनेवाली सहकारी समिति

ज) विशेष आर्थिक अंचल विकासक विशेष आर्थिक अंचल के भीतर मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति में यथा परिभाषित संरचनात्मक सुविधाओं, जैसे (i) उर्जा, (ii) दूरसंचार, (iii) रेल्वे, (iv) पूलों सहित रस्ते,(v)बंदरगाह और हवाई अड्डा, (vi) औद्यौगिक पार्क (vii)शहरी मूलभूत संरचना (जल आपूर्ति,स्वच्छता एवं जल-मल निकासी परियोजना और (viii)खनन,परिष्करन और अन्वेषण प्रदान करने के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं । फिर भी, विशेष आर्थिक अंचल के भीतर एकीकृत नगररचना और वाणिज्यिक स्थावर संपदा के विकास के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

झ) मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति का उल्लंघन करने वाली और भारतीय रिज़र्व बैंक और /अथवा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जिनकी जांच की जा रही है, कंपनियों को अनमोदन मार्ग के तहत ही बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने की अनुमति है ।

ञ) पैराग्राफ I (अ)(iii) में उल्लिखित स्वतः अनुमोदित मार्ग सीमाओं और परिपक्वता अवधि के दायरे में न आने वाले मामले।

II) मान्यता प्राप्त उधारदाता

(क) उधारकर्ता अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्रोतों जैसे (i) अंतरराष्ट्रीय बैंक, (ii) अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ार, (iii) बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाएं (जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्त कंपनी, एशियाई विकास बैंक, सीडीसी, आदि), (iv) निर्यात ऋण एजेंसियां और (v) उपकरणों के आपूर्तिकर्ता, (vi) विदेशी सहयोगी और (vii)विदेशी ईक्विटी धारकों(पूर्ववर्ती विदेशी कंपनी निकायों से इतर) से बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं।

(ख) विदेशी ईक्विटी धारकों से जहाँ पर कि उधारदाता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से धारित 25 प्रतिशत की न्यूनतम प्रदत्त ईक्विटी और ऋण ईक्विटी अनुपात 4:1 से अधिक न हो (अर्थात् प्रस्तावित बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रत्यक्ष विदेशी ईक्विटी धारिता के चार गुना से अधिक न हो)।

(iii) राशि और परिपक्वता अवधि

कारपोरेट एक वित्तीय वर्ष के दौरान स्वत: अनुमोदित मार्ग के तहत 500 मिलियन अमरीकी डालर की वर्तमान सीमा के अलावा अनुमोदन मार्ग के तहत 10 वर्ष से अधिक की औसत परिपक्वतावाली 250 मिलियन अमरीकी डालर की अतिरिक्त राशि का बाह्य वाणिज्यिक उधार ले सकते हैं। अंतिम उपयोग , समग्र लागत सीमा,मान्यताप्राप्त उधारदाता जैसे बाह्य वाणिज्यिक उधार के अन्य मानदंडों का अनुपालन करना आवश्यक है। फिर भी, ऐसे बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए पूर्व भुगतान क्रय/विक्रय विकल्प हेतु 10 वर्ष तक अनुमति नहीं होगी ।

iv) समग्र लागत सीमाएं

समग्र लागत सीमा में ब्याज दर, विदेशी मुद्रा में वायदा फीस के सिवाय और अन्य खर्चे ,समयपूर्व चुकौती फीस और भारतीय रुपए में देय फीस शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कर भुगतान के लिए भारतीय रुपये में राशि रोक रखने को समग्र लागत की गणना में शामिल नहीं किया जाता है।

बाह्य वाणिज्यिक उधार के लिए समग्र लागत सीमा समय-समय पर सूचित की जाएगी।समग्र लागत सीमा 31 दिसंबर 2009 तक हटा दी गयी है ।तदनुसार, पैरा (क) (iv) में विनिर्दिष्ट अनुमत समग्र लागत सीमा से अधिक बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने का प्रस्ताव रखनेवाले पात्र उधारकर्ता अनुमोदन मार्ग के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं । दिसंबर 2009 में समग्र लागत सीमा में इस छूट की समीक्षा की जाएगी ।

(v) प्रयोजनपरक उपयोग

(क) बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही, भारत में केवल स्थावर संपदा क्षेत्र,औद्योगिक क्षेत्र, जिसमें लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रम शामिल हैं और संरचनात्मक क्षेत्र में निवेश के लिए [जैसे, पूंजी माल का आयात, (विदेश व्यापार नीति में डीजीएफटी द्वारा यथावर्गीकृत) नयी परियोजनाएं, मौजूदा उत्पादन इकाइयों का आधुनिकीकरण/विस्तार] , की जा सकती है। बाह्य वाणिज्यिक

उधार के प्रयोजन के लिए संरचनात्मक क्षेत्र की परिभाषा के दायरे में (i) ऊर्जा, (ii) दूरसंचार, (iii) रेलवे, (iv) पुल समेत सड़क, (v) पोर्ट, (vi) औद्योगिक पार्क और (vii) शहरी ढांचे (जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं जलमल निकासी परियोजना) और (viii)खनन.परिष्करण और अन्वेषण आदि आते हैं ।

(ख) विदेश स्थित संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में भारतीय प्रत्यक्ष निवेश के संबंध में वर्तमान दिशानिर्देशों के अधीन संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधारों का उपयोग किया जा सकता है।

(ग) बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय का उपयोग सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के शेयरों के सरकार के विनिवेश कार्यक्रम के तहत विनिवेश प्रक्रिया में शेयरों के प्रथम चरण में अधिग्रहण और जनता को अनिवार्य दूसरे चरण प्रस्ताव में किया जा सकता है।

(घ) 4 जनवरी 2002 की वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, डीआइपीपी,औद्योगिक अनुमोदन सविवालय (एफसी डिविजन),प्रेस नोट 3 (2002 सिरीज) द्वारा यथा परिभाषित एकीकृत नगररचना के विकांस में लगी कंपनियां बाह्य वाणिज्यिक उधार की उगाही कर सकती हैं । एकीकृत नगररचना में आवास, वाणिज्य परिसर,होटल्स,रिसॉर्टस्,शहर और रस्ते और पूल, मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम्स और भवन निर्माण सामग्री जैसी क्षेत्रीय स्तर की शहरी सुविधाएं शामिल हैं । भूमि विकास और तदनुरूपी संरचना की आपूर्ति नगर विकास का एकीकृत भाग है । विकसित किया जाने वाला क्षेत्र कम से कम 100 एकड़ होना चाहिए और इसके लिए स्थानीय उप-नियमों/नियमों के अनुसार मापदण्डों और मानकों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है । इस प्रकार के उप-नियमों/नियमों के न होने पर, करीबन दस हजार जनसंख्या पर कम से कम दो हजार निवास इकाईयों की आवश्यकता होगी । यह अनुमति 31 दिसंबर 2009 तक उपलब्ध रहेगी ।

(ङ) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड की पुनर्खरीद पैरा 1 (ख) (x)(ग) के तहत दर्शायी गयी शर्तों के अधीन होगी ।

vi) प्रयोजनपरक उपयोग अनुमत नहीं

(क) पैरा I(आ)(i)(क) और पैरा I(आ)(i)(ख) के अंतर्गत पात्र बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के अतिरिक्त, किसी कंपनी को आगे उधार देने अथवा पूंजी बाजार में निवेश अथवा भारत की किसी कंपनी (उसके किसी हिस्से)के अधिग्रहण, जमीन-जायदाद , कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रूपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।

(ख) स्थावर संपदा के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।तथापि, स्थावर संपदा में 4 जनवरी 2002 की वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, डीआइपीपी,औद्योगिक अनुमोदन सविवालय (एफसी डिविजन),प्रेस नोट 3 (2002 सिरीज) द्वारा यथा परिभाषित एकीकृत नगर रचना का विकांस शामिल नहीं है ।

(ग) कार्यशील पूंजी, सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों और वर्तमान रूपया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए बाह्य वाणिज्यिक उधार के प्राप्यों के उपयोग की अनुमति नहीं है।

(vii) गारंटी

बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सामान्यता बाह्य वाणिज्यिक उधार से

संबंधित गारंटी , आपात साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती आश्वासन पत्र जारी करने की अनुमति नहीं है । लघु और मध्यम दर्जे के उपक्रमों के मामले में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा उधार से संबंधित गारंटी, आपात साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती आश्वासन पत्र प्रदान करने के आवेदन पर विवेकपूर्ण मानदंडों के अधीन गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाएगा।

भारतीय कपड़ा-उद्योग में क्षमता विस्तार और तकनीक उन्नयन को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से कपड़ा-उद्योग इकाई के आधुनिकीकरण अथवा विस्तार हेतु वस्त्र कंपनियों के बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने पर गारंटी , साखपत्र , वचन पत्र अथवा चुकौती वचन पत्र के निर्गम पर बैंकों द्वारा विवेकपूर्ण मानदडों के अनुसार विचार किया जाएगा।

viii) ज़मानत

उधारदाता/ आपूर्तिकर्ता को दी जाने वाली ज़मानत का विकल्प उधारकर्ता को ही चुनना है। फिर भी, समुद्रपारीय उधारदाता के पक्ष में अचल परिसंपत्तियों और वित्तीय प्रतिभूतियों, जैसे शेयर पर प्रभार का सृजन समय-समय पर यथासंशोधित क्रमशः 03 मई ,2000 की अधिसूचना सं. फेमा.21/आरबी-2000 के विनियम 8 और मई 3, 2000 की अधिसूचना सं. फेमा.20/आरबी-2000 के विनियम 3 के अधीन है। प्राधिकृत व्यापारी क्षेणी -। बैंकों को पूर्वोक्त पैरा 1 (क) (viii) में दर्शाये गये अनुसार फेमा 1999 के तहत आवश्यक 'आपत्ति नहीं 'जारी करने के अधिकार दिये गये हैं ।

(ix) बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को विदेशों में रखना

बाह्य वाणिज्यिक उधार की आय को भारत में वास्तविक आवश्यकता न होने तक विदेश में रखा जाएगा। विदेश में रखे गए बाह्य वाणिज्यिक उधार प्राप्तियों का निम्नलिखित चल परिसंपत्तियों में निवेश किया जा सकता है (क) स्टैंडर्ड एण्ड पुअर/ फिट्स आइबीसीए द्वारा AA(-) अथवा मूडीज़ द्वारा Aa3 न्यूनतम रेटेड, बैंक द्वारा प्रस्तावित जमाओं अथवा जमा प्रमाणपत्रों अथवा अन्य लिखत; (ख)उपर्युक्त के अनुसार न्यूनतम रेटिंगवाले एक वर्ष की परिपक्वता अवधिवाले खज़ाना बिल और मौद्रिक लिखत, और (ग) समुद्रपारीय शाखा/विदेश में भारतीय बैंकों की सहयोगी संस्था के पास जमा। निधियों का इस तरह निवेश किया जाए कि आवश्यकता पड़ने पर भारत में उधारकर्ता की आवश्यकता पर उसका परिसमापन किया जा सके।

बाह्य वाणिज्यिक उधार निधियां अनुमत अंतिम-उपयोग करने तक भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - । बैंकों के पास उधारकर्ता रुपया खाते में जमा करने के लिए भारत में प्रेषित भी की जा सकती हैं ।

x) समयपूर्व भुगतान

(क) प्राधिकृत व्यापारी 500 मिलियन अमरीकी डॉलर तक बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान की अनुमति भारतीय रिज़र्व बैंक के बगैर पूर्वानुमोदन के दे सकते हैं बशर्ते ऋण पर लागू न्यूनतम औसत परिपक्वता अवधि का अनुपालन किया जाता है।

(ख) रिजर्व बैंक अनुमोदन मार्ग के तहत 500 मिलियन अमरीकी डालर के बाह्य वाणिज्यिक उधार के समयपूर्व भुगतान पर विचार करेगा।

(ग) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड की पुनर्खरीद: रिज़र्व बैंक निम्नलिखित शर्तों के पालन के अधीन अनुमोदन मार्ग के तहत प्रति कंपनी मोचन मूल्य के 100 मिलियन अमरीकी डॉलर तक विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद के लिए भारतीय कंपनियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करेगा :

i) 50 मिलियन अमरीकी डॉलर तक मोचन मूल्य के लिए बही मूल्य के 25 प्रतिशत का न्यूनतम बट्टा;

ii) 50 मिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक और 75 मिलियन अमरीकी डॉलर तक मोचन मूल्य के लिए बही मूल्य के 35 प्रतिशत का न्यूनतम बट्टा;और

iii) 75 मिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक और 100 मिलियन अमरीकी डॉलर तक मोचन मूल्य के लिए बही मूल्य के 50 प्रतिशत का न्यूनतम बट्टा;और

iv) पुनर्खरीद के लिए प्रयुक्त निधियां अंतरिक उपचयों में से, सांविधिक लेखा-परीक्षक और पदनामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-। बैंक के प्रमाणपत्र द्वारा साक्ष्यांकित होनी चाहिए ।

पुनर्खरीद की पूर्ण प्रक्रिया 31 दिसंबर 2009 तक पूर्ण होनी चाहिए ।

उपर्युक्त में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त, निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तें लागू होंगी :

(i) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड मौजूदा दिशा-निर्देशों के पालन पर जारी किये जाने चाहिए ।

(ii) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकृत किये जाने चाहिए ; एलआरएन नंबर प्राप्त किया जाए और अद्यतन बाह्य वाणिज्य उधार विवरणियां प्रस्तुत की जाएं ।

(iii) कंपनी के विरुध्द फेमा के उल्लंघन की कोई कार्यवाही लंबित नहीं है ।

(iv) वापसी खरीद के लिए अधिकार विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों के जारीकर्ता को प्रदान किया गया है । तथापि, वास्तविक वापसी खरीद बांड धारक की सहमति की शर्त पर होगी ।

(v) धारकों से वापसी खरीद किये गये / पुनर्खरीद किये गये विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड रद्द किये जाने चाहिए और पुन: जारी अथवा पुन: बिक्री नहीं किये जाने चाहिए ।

(vi) पुनर्खरीद से पुनर्खरीद के लिए विकल्प न दिये हुए बांड धारकों पर अथवा पुनर्खरीद के लिए विकल्प दिये हुए कंपनियों के गैर सहभागी बांड धारकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(vii) भारतीय कंपनी निधियों का उपयोग केवल पुनर्खरीद के लिए किया जाता है यह सुनिश्चित करने हेतु विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद के लिए किसी भारतीय बैंक समुद्रपारीय शाखा अथवा सहयोगी बैंक अथवा किसी अंतरराष्ट्रीय बैंक में एस्क्रो खाता खोलेगी ।

(viii) पुनर्खरीद पूर्ण होने पर, पुनर्खरीद के ब्योरे जैसे विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की बकाया राशि, पुनर्खरीद किये गये विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों का बही मूल्य, विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांडों की पुनर्खरीद की दर, समाविष्ट राशि, और निधियों के स्त्रोत दर्शाते हुए एक रिपोर्ट पदनामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -। बैंक के जरिये प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, विदेशी मुद्रा विभाग, बाह्य वाणिज्य उधार प्रभाग, केंद्रीय कार्यालय, 11वीं मंज़िल, केंद्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगतसिंह मार्ग, मुंबई -400001 को प्रस्तुत की जाए ।

xi) मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार का पुनर्वित्तपोषण

कम लागत पर नया ऋण उगाह कर मौजूदा बाह्य वाणिज्यिक उधार के पुनर्वित्त पोषण की अनुमति है बशर्ते नया बाह्य वाणिज्यिक उधार निम्न समग्र लागत पर उगाहा जाता है और मूल बाह्य वाणिज्यिक उधार की शेष परिपक्वता अवधि को बनाए रखा जाता है।

xii) ऋण चुकौती

सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी बाह्य वाणिज्यिक उधार दिशानिदेशों के अनुसार नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को मूल धन /ब्याज तथा अन्य प्रभारों की किस्तों के प्रेषण की सामान्य अनुमति है।

xiii) प्रक्रिया

आवदेक आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ फार्म ईसीबी में नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक के माध्यम से प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक, विदेशी मुद्रा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय, बाह्य वाणिज्यिक उधार प्रभाग, मुंबई 400 001 को आवदेनपत्र प्रस्तुत करें।

xiv) विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड योजना

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)से वह बांडअभिप्रेत है जो कि विदेशी मुद्रा में जारी किया जाये और जिसकी मूल तथा ब्याज दोनों की राशि विदेशी मुद्रा में देय हों , जो निर्गम कंपनी द्वारा जारी किया गया हो और भारत के बाहर रहनेवाले ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा विदेशी मुद्रा में अभिदत्त तथा दूसरी कंपनी जिसे ऑफर्ड कंपनी कहा जाता है, जो या तो पूर्णतया अथवा आंशिक रूप से अथवा ऋण लिखतों से संबध्द की किसी ईक्विटी संबंधित वारंट के आधार पर परिवर्तनीय हो । विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड किसी आसानी से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा के मूल्यवर्ग में होंगे।

पात्र जारीकर्ता: जारीकर्ता कंपनी, ऑफर्ड कंपनी के प्रवर्तक समूह की होगी और विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी करते समय प्रदत्त/ दिये जानेवाले ईक्विटी शेयर उसके पास रहेंगे ।

ऑफर्ड कंपनी: ऑफर्ड कंपनी एक सूचीबध्द कंपनी होगी जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पाने के लिए पात्र क्षेत्र में कार्यरत है तथा विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) अथवा बाह्य वाणिज्यिक उधार जारी करने अथवा उसका लाभ उठाने हेतु पात्र होगी ।

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी करने हेतु अपात्र कंपनियां :

एक भारतीय कंपनी, जो कि प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा प्रतिभूति बाजार में जाने पर रोक लगायी गई किसी कंपनी सहित भारतीय प्रतिुभूति बाजार से निधियां जुटाने के लिए अपात्र भारतीय कंपनी विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी करने हेतु पात्र न होगी ।

पात्र अभिदाता: विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी करते समय विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति तथा सेक्टोरल कैप संबंधी निर्देशों का पालन करनेवाली कंपनियां विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी कर सकती हैं । विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति के तहत यथावश्यक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश संवर्धन बोर्ड की पूर्व अनुमति कर लेना चाहिए ।

कंपनियां जो विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) में अभिदान करने की पात्र नहीं हैं :

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री तथा अन्य किसी प्रकार से उनका कारोबार करने से प्रतिबंधित कंपनियां विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) में अभिदान करने की पात्र न होंगी ।

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से आगत का प्रयोजनपरक उपयोग:

निर्गम कंपनी :

(i) संयुक्त उद्यम अथवा पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में समुद्रपारीय निवेश पर मौजूदा

दिशा-निर्देशों के तहत, विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से प्राप्त राशि, समुद्रपारीय निर्गम कंपनी द्वारा, विदेश में संयुक्त उद्यम अथवा पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं सहित प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से, निवेश की जा सकती है ।

(ii) निर्गम कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से प्राप्त राशि प्रवर्तक समूह की कंपनियों में निवेश की जा सकती है ।

प्रवर्तक समूह की कंपनियां :

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) की आगत आय से निवेश प्राप्त करनेवाली प्रवर्तक समूह की कंपनियां, बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति के तहत निर्धारित उद्दिष्ट उपयोग के लिए राशि का उपयोग कर सकते हैं ।

प्रयोजनपरक उपयोग अनुमत नहीं :

ऐसे निवेश प्राप्त करनेवाली प्रवर्तक समूह की कंपनियों निवेशों से प्राप्त शन का पूंजी बाजार अथवा स्थावर संपदा में उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।

समग्र लागत : विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) पर देय ब्याज दर तथा विदेशी मुद्रा में किये गये निर्गम खर्चे, बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) नीति के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित समग्र लागत सीमा के भीतर होंगे ।

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)पर मूल्य अंकित करना : विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) जारी करने के समय प्रस्तुत सूचीबध्द इक्विटी शेयरों का विनिमय मूल्य निम्नलिखित दो उच्चतर स्थितियों से कम नहीं होना चाहिए :

(i) संदर्भित तारीख से पूर्ववर्ती छ: महीनों के दौरान शेयर बाजार में बोली लगानेवाली कंपनी के शेयरों के उच्च और निम्न अंतिम मूल्य का साप्ताहिक औसत ।

(ii) संदर्भित तारीख से पूर्ववर्ती दो सप्ताहों के दौरान शेयर बाजार में बोली लगानेवाली कंपनी के शेयरों के उच्च और निम्न अंतिम मूल्य का साप्ताहिक औसत ।

औसत परिपक्वता: विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) की परिपक्वता अवधि कम से कम पांच वर्ष होगी । विनिमय का विकल्प, शोधन तारीख से पहले, कभी भी दिया जा सकता है । विनिमय का विकल्प देने पर विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)के धारक को दिये जानेवाले शेयर की सुपुर्दगी लेनी होगी । विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) के लिए नकदी भुगतान अनुमत नहीं होगा ।

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से आगत राशि को विदेशों में रखना :

विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से प्राप्त होनेवाली आय बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति के तहत निर्गम कंपनियों /समुद्रपारीय कंपनियों द्वारा विदेशों में रखी जायेगी/नियोजित कर दी जाएगी ।यह निर्गम कंपनियों की जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि आय से प्राप्त होनेवाली आय बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति के तहत निर्धारिति केवल अनुमत प्रयोजनपरक- उपयोग से प्राप्त आय की, नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा विधिवत् प्रमाणित ऑडिट ट्रायल भी भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करें ।

परिचालनगत प्रक्रिया- विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी)जारी करने के लिए अनुमोदित मार्ग के तहत बाह्य वाणिज्यिक उधार लेने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अपेक्षित होगा । विदेशी मुद्रा विनिमेय बांड (एफसीईबी) से संबंधित सूचना देने की व्यवस्था वर्तमान बाह्य वाणिज्यिक उधार नीति के अनुसार रहेगीा ।

xv अधिकार प्रदत्त समिति

अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत आनेवाले प्रस्तावों पर विचार करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक अधिकार प्रदत्त समिति गठित की गयी है।

II . रिपोर्ट करने की व्यवस्था और सूचना प्रसारण

(i) रिपोर्ट करने की व्यवस्था

(क) प्रकिया को सरल बनाने के विचार से ऋण करार की प्रतिलिपि की प्रस्तुत करना बंद कर दिया गया है।

(ख) ऋण पंजीयन संख्या के आबंटन के लिए उधारकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे कंपनी सचिव अथवा सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित फार्म 83 की दो प्रतियां नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक को प्रस्तुत करें। एक प्रति नामित प्राधिकृत व्यापारी बैंक द्वारा निदेशक, भुगतान संतुलन सांख्यकीय प्रभाग, सांख्यकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, मुंबई 400 051 को भेजी जाए। [नोट:ऋण करार, एफसीसीबी के लिए प्रस्ताव दस्तावेज को फार्म 83 के साथ प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।]

(ग) उधारकर्ता सांख्यकीय विश्लेषण और कंप्यूटर सेवा विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक से ऋण पंजीकरण क्रमांक प्राप्त करने के बाद ऋण में आहरण द्वारा कमी कर सकते हैं।

